भाजपा ने खैरथल नगर परिषद क्षेत्र में भव्य रोड शो निकाला

खैरथल। नगर परिषद चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने शहर में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा की ओर से खैरथल नगर परिषद क्षेत्र में भव्य रोड शो निकाला गया, जिसमें राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी विशेष रूप से शामिल हुए। रोड शो के बाद 40 फीट रोड पर जनसभा का आयोजन किया गया।

रोड शो में अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जसबीर सिंह, पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, नगर परिषद चुनाव प्रभारी बलवान यादव, संगठन प्रभारी अशोक सैनी, संयोजक प्रमिल जसोरिया, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, जिला महामंत्री पवन यादव, अशोक डाटा, रामबाबू जाटव, सेवक लालवानी, मनोहर परवाना सहित बड़ी संख्या में नेता मौजूद रहें।

खैरथल नगर परिषद क्षेत्र में भव्य रोड शो में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव शामिल हुए।

जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने अपने चिर-परिचित अंदाज में जनता से तानाशाही और डर से मुक्त होकर मतदान करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद शहर में अवैध काम करने वालों पर बुलडोजर चलाया जाएगा और अवैध जमीनों पर कब्जा करने वालों को जेल भेजा जाएगा। कानून-व्यवस्था और विकास से कोई समझौता नहीं होगा।

■ अवैध जमीनों पर कब्जा करने वालों पर बुलडोजर चलेगा : रामहेत

उन्होंने कहा कि 50 वर्ष पहले प्रेमी ने समाजहित में कई मंदिरों के लिए जमीन दी और गरीबों को आनंद नगर में बसाया। जिनके पास प्लॉट के पैसे नहीं थे, उन्हें भी उन्होंने बसाया। आरोप लगाया कि बाद में बाहर से आए कुछ लोगों ने खुद को समाज का मुखी बताकर उनके साथ भेदभाव किया। उन्होंने घोषणा की कि वे भविष्य में खैरथल में सेठ शामनदास प्रेमी की प्रतिमा स्थापित करवाएंगे।

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि राज्य सरकार शहरों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र और राजस्थान में भाजपा की सरकार है, नगर परिषद में भी भाजपा का बोर्ड बनने से विकास को ट्रिपल गति मिलेगी। इसे उन्होंने 'तीन इंजन की सरकार' बताया।

उन्होंने कहा कि देश में 'वन नेशन-वन इलेक्शन' की दिशा में काम हो रहा है और इसी क्रम में राजस्थान में 309 स्थानीय निकायों के चुनाव कराए जा रहे हैं। सरकार हर शहर में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट, सीवरेज लाइन, बेहतर पार्किंग-ट्रैफिक व्यवस्था, आवारा पशुओं के लिए स्थान और पीएनजी गैस कनेक्शन जैसी सुविधाओं के लिए अनुदान देगी।

जिला मुख्यालय को लेकर चल रही चर्चाओं पर विराम लगाते हुए तिवाड़ी ने साफ कहा''खैरथल जिला मुख्यालय है और बना रहेगा।''उन्होंने कहा कि खैरथल नया जिला है और सरकार इसके चहुंमुखी विकास के लिए वृहद स्तर पर काम करेगी।

विजय जुलूस पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई

कोटपूतली। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित नगर निकाय आम चुनाव 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कानून-व्यवस्था को लेकर आवश्यक तैयारियां एवं सख्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार के विजय जुलूस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के संबंध में आदेश जारी किए हैं।

जिले के 9 नगरीय निकायों में आम चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो चुकी है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति की संभावना को रोकने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 (पुरानी सीआरपीसी के धारा 144) के प्रावधान लागू किए गए हैं।

'निवाई में भाजपा का बोर्ड बनाकर विकास की गंगा बहानी है'

निवाई। शहर के वार्ड संख्या 25 में जनसंपर्क के दौरान नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष व भाजपा प्रत्याशी दिलीप इसरानी को वार्डवासियों ने माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी दिलीप इसरानी ने कहा कि नगर पालिका के चुनाव में शहरवासी शहर के विकास को ही चुनेंगे। इस बार भाजपा शहर के सभी 40 वार्डो में जीतेगी।

उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के समग्र और तीव्र विकास के लिए नगर पालिका के सभी वार्डों में भारी बहुमत के साथ भाजपा को जीताना है। उन्होंने पालिका बोर्ड के पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी देते बताया कि पूर्व में भाजपा का बोर्ड में शहर का चौमुखी एवं ऐतिहासिक विकास हुआ है। भाजपा बोर्ड के कुशल प्रबंधन एवं विकास कार्यों के कारण ही निवाई नगर पालिका पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान पर रही है।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक वार्ड में सामुदायिक भवनों का निर्माण, सीसी सडक़ें, नालियां, बेहतर पेयजल व्यवस्था, आधुनिक स्ट्रीट लाइटें, आकर्षक फव्वारे, मुख्य सडक़ों पर मॉडल डिवाइडर सहित 80 फीट रोड़ पर 6 करोड़ रुपये की लागत के सामुदायिक भवन के निर्माण, दांडी यात्रा, फाउंटेन, चौपाटी, शहीद स्मारक, भरकुआ तालाब पर सौंद्रियकरण व फेसवाल का निर्माण, पक्षी घर, कोसी गंगा में बड़े नाले का निर्माण, शहर में स्थित सभी मंदिरों का सौंद्रियकरण व विकास, मोक्षधामों व कब्रिस्तानों के विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने बताया कि श्याम धमार्थ सेवा संस्थान ने रक्तांचल पर्वत पर सीढ़ियों का निर्माण करवाकर एक नया इतिहास रचा है।

निवाई में अंबेडकर कॉलोनी के रास्ते में बारिश पानी भर जाने से परेशान

निवाई। गांव राहोली की अंबेडकर कॉलोनी में आम रास्ते में बारिश का पानी भरा रहता है। जिससे कॉलोनी वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कॉलोनी निवासी जडाव बैरवा, अनीता बैरवा, माया बैरवा, बापू बैरवा, लाली बैरवा, बिरधीचंद बैरवा, मेवाराम बैरवा, कैलाश बैरवा, अरविंद बैरवा, राजूलाल बैरवा, मदनलाल बैरवा व रमेश चंद बड़वानी बताया कि कॉलोनी के आम रास्ते में सीसी रोड नहीं होने से बारिश का पानी भरा रहता है, जिससे कॉलोनी वासियों को गंदे पानी में से होकर आना जाना पड़ रहा है। बारिश का पानी भरा रहने से ग्रामीणों में बीमारियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिससे कॉलोनी वासियों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है।

टोंक में पायलट के जन्मदिन पर 61 यूनिट रक्तदान

टोंक। पूर्व उपमुख्यमंत्री व विधायक सचिन पायलट के जन्मदिन पर छान में रक्तदान शिविर अयोजित कर कार्यकर्ताओं व युवाओं ने उत्साह के साथ 61 यूनिट ब्लड डोनेट किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिन पायलट के जन्मदिन के अवसर पर रविवार को छान में स्वैच्छिक रक्तदान

■ रक्तदाताओं को हेलमेट वितरित कर सडक़ सुरक्षा की जानकारी दी

शिविर का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं ने 61 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। यह शिविर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सऊद शहीदी के निर्देशन में लगाया गया। यह एस.डी. सोशल डवलपमेन्ट फाउंडेशन के तत्वावधान तथा जिला परिषद सदस्य संपत महुआ के संयोजन में आयोजित हुआ।

सचिन पायलट के जन्मदिन के अवसर पर रविवार को छान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

रक्तदान शिविर में क्षेत्र के युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। ब्लड डोनेट करने वाले युवाओं को हेलमेट वितरित कर सुरक्षा का संदेश दिया गया। इसके साथ ही, सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देते हुए शिविर में आए लोगों को हेलमेट का वितरण भी किया गया, ताकि समाज में रक्तदान के साथ-साथ सडक़ सुरक्षा के प्रति भी जागरूकता बढ़ाई जा सके। आयोजकों और अतिथियों ने कहा कि रक्तदान महादान है ।

सार-समाचार

सचिन पायलट के जन्मदिन पर पावटा में सेवा कार्य

पावटा। गरीब किसान परिवारों के बेटों का हाथ थामकर उन्हें राजनीति में आगे बढ़ाने वाले, किसान-मजदूर, युवा और आमजन की बुलंद आवाज एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत व मार्गदर्शक एआईसीसी महासचिव एवं पंजाब कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के जन्मदिन के अवसर पर पावटा क्षेत्र में सेवा एवं जनकल्याण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोटपूतली-बहरोड़ इंद्राज गुर्जर के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं ने उपजिला अस्पताल पावटा पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इसके बाद प्रागपुरा गौशाला में पहुंचकर गौमाता को गुड़ खिलाया गया तथा गौसेवा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि सचिन पायलट ने सदैव किसान, मजदूर, युवा और आम आदमी के हितों को अपनी राजनीति के केंद्र में रखा है। उनके जन्मदिन को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाना उनके जनसेवा के संकल्प और विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास है। कार्यकर्ताओं ने सचिन पायलट के स्वस्थ, सफल एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि वे इसी तरह प्रदेश की जनता और युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाते रहें।

डीएपी खाद नहीं मिलने पर किसान महापंचायत का धरना प्रदर्शन

टोंक। जिले में किसानों को डीएपी खाद नहीं मिलने की कृषि विभाग की लापरवाही और खाद बांटने के गलत तरीके को लेकर किसान महापंचायत ने धरना देकर समस्या से परेशान किसानो ने आंदोलन की दी धमकी। इस दौरान महापंचायत ने आज से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है। किसानों का आरोप है कि कृषि विभाग ने जब से एफएफएस ऐप से खाद बांटना शुरू किया है, तब से उनकी दिक्कतें बढ़ गई हैं। ज्यादातर किसान कम पढ़े-लिखे हैं, इसलिए उन्हें ऐप से खाद लेने के लिए रोज कई जगह चक्कर लगाने पड़ते हैं। यह धरना प्रदर्शन मुड़िया, बहड़, खण्डवा, गणेती, पासरोटिया, चंदलाई और अरणियाकेदार जैसे इलाकों में किया जाएगा। संगठन ने चेतावनी दी है कि जब तक किसानों को सही मात्रा में

सांभर में प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ प्रचार में फूंकी ताकत

सांभरझील। सांभर निकाय चुनाव के अंतिम दिन 25 वार्डों पार्षद पद के चुनाव में खड़े हुए सभी दलों के अलावा निर्दलियों ने भी अपनी ताकत पूरी झोंकी। गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले में अपने इतने समर्थकों के पक्ष में हाथों में झंडी, बैनर लिए नारे लगाते हुए बच्चों की आवाजें भी सुनाई दी तो कई दशको पुरानी यादें ताजा हुई, जब इसी प्रकार गली गली घूम घूम कर प्रचार होता था, सब एक दूसरे से बातें भी करते थे, हंसी मजाक भी होता था लेकिन मतदान तक किसी के प्रति वैमनस्यता का भाव कम ही देखने को मिलता था। इसी क्रम में अनेक वार्डों में तो लोगों का कहना था कि हमे ऐसा पार्षद चाहिए जो भ्रष्टाचार से दूर रहकर अपने वार्ड का सर्वांगीण विकास करें। तंज कसते हुए बताया कि 10 लाख का घोड़ा बनकर काम करने वाला पार्षद नहीं चाहिए।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-14, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक: 90A/JDA/2026-27/101012 लोक सूचना दिनांक: 01.09.2026

श्री M/S VINAYAK ASSOCIATES THROUGH PATNER VISHNU KUMAR GUPTA एवं श्री RAMGOPAL GUPTA वासी MAHAJAN निवासी 1347, BARKAT NAGAR, TONK PHATAK, JAIPUR श्री SIDDHIVARUNA LLP DESIGNATED PARTNERS MUKESH YADAV एवं श्री GOPAL LAL YADAV वासी YADAV (AHIR) निवासी 158, MAHAVEER NAGAR8, PATRKARROAD, MANSAROVAR, JAIPUR ने मूल आवंटियों के नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधारित अधिकारों के निर्धारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (हैक्टे.)	स्थानांतरण हस्तक (हैक्टे.)
1	ब्योलिपुरा उर्फ कलवाडाला, कांकरोल (जयपुर)	1) मेसर्स विनायक एसोसिएट्स जरिये डीजिनेटेड पार्टनर विष्णु कुमार गुप्ता पुत्र राम गोपाल गुप्ता हिस्सा पूर्ण जाति महाजन	85/1	0.16	0.16
2			92	0.05	0.05
3			93/1	0.2	0.2
4	मकान संख्या 1347 कॉलोनी जड़ थम बरकत नगर क्षेत्र स्थान जयपुर शहर जयपुर पिन कोड 302015 जिला JAIPUR राज्य RAJASTHAN खातेदार		86	0.03	0.03
5			87	0.39	0.2135
6			88	0.05	0.05
7			89	0.29	0.2275
8			90	0.08	0.075
9			91/2	0.15	0.15
10	ब्योलिपुरा उर्फ कलवाडाला, कांकरोल (जयपुर)	1) सिद्धिविनायक द्वारा एसोसिएटी जरिये डीजिनेटेड पार्टनर बाबूलाल यादव पुत्र श्रीमान यादव हिस्सा पूर्ण जाति यादव	85/645	0.08	0.08
11			86/1	0.22	0.22
12			90/1	0.06	0.06
13			91/1	0.14	0.14
14	मकान संख्या 158 कॉलोनी महावीर नगर बी क्षेत्र स्थान गोल्यावास पंचकार रोड मानसरोवर शहर जयपुर पिन कोड 302020 जिला JAIPUR राज्य RAJASTHAN		90/2	0.06	0.06
15			91	0.15	0.15
			कुल		1.866

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 - ड और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्धारण पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर भीतर अपनी SSO ID से लॉगइन कर JDA के 90-A मॉड्यूल अथवा जे.डी.ए. पोर्टल (https://jda.rajasthan.gov.in/) पर 'विज्ञप्ति के विरुद्ध अपनी आपत्ति दर्ज करें।' Option में जाकर जरी कार्यवाही नहीं के विरुद्ध अपनी आपत्ति अभिलेख दर्ज करावें। उपर्युक्त निर्धारित समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मानते हुए निस्तारित किया जावेगा। (यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 01.09.2026 को जारी की गयी) प्राधिकृत अधिकारी जोन-14, जविप्रा, जयपुर

नाम परिवर्तन

मैं शबनम असरार पत्नि शाकीर मोहम्मद निवासी मकान नं.505 भोला तबले की गली, लुहारों का खुर्रा, घाटगेट, जयपुर राजस्थान शपथ बयान करती हूं। 1. यह कि मैं एक भारतीय नागरिक हूं तथा उपरोक्त पते पर स्थाई रूप से निवास करती हूं। 2. यह कि मैंने अपना नाम शबनम असरार से बदलकर शबनम रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावेगा तथा यही नाम मेरे सभी दस्तावेजों में अंकित व दर्ज किया जावेगा। 3. मैं यह शपथ पत्र मेरा नाम शबनम असरार से बदलकर शबनम रखने हेतु दे रही हूं।

I have changed my name from Sonu Gupta to Man Mohan Gupta for all purposes R/o 211A, 100 feet road Near nikhar beauty parlour Shri Ram nagar Jhotwara Jaipur

I have changed my name from JYOTI to JYOTI GUPTA for all purposes R/o A 31 B Dadhichi nagar Sikar road Murlipura Jaipur

भाजपा राज में अलवर का विनाश, जनता अब देगी जवाब : जितेन्द्र सिंह

अलवर। मुख्यमंत्री के अलवर दौरे के बीच कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए शहर की बदहाल स्थिति और नगर निगम के कथित भ्रष्टाचार को लेकर सवालों की बौछार कर दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा के तीन साल के शासन में अलवर विकास से दूर और अव्यवस्थाओं के दलदल में फंस गया है। उन्होंने कहा कि अब जनता भाजपा से हिसाब मांगने के लिए तैयार है और नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस का बोर्ड बनना तय है।

उन्होंने मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री अलवर आए, लेकिन उनके स्वागत में अपेक्षित जनसमर्थन नजर नहीं आया। उन्होंने कहा कि अलवर की जनता भाजपा सरकार के कामकाज से पूरी तरह निराश है। उन्होंने कहा कि आखिर भाजपा किस आधार पर जनता से वोट मांग रही है? अलवर के हालात का जवाब देना भाजपा की जिम्मेदारी है और सवाल पूछना जनता का अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के दावों के बीच शहर की वास्तविक तस्वीर कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

नेता प्रतिपक्ष जूली व पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता की।

नगर निगम को निशाने पर लेते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से नगर निगम में भाजपा का शासन है, लेकिन शहर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि बारिश के बाद जलभराव से अलवर की सडक़ें स्विमिंग पूल में तब्दील हो जाती हैं और सफाई, सडक़ तथा अन्य नागरिक सुविधाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। उन्होंने नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार को लेकर भी भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि जनता अब इन मुद्दों का जवाब चुनाव में देगी।

उन्होंने एक बुजुर्ग महिला से जुड़ी घटना का जिक्र करते हुए नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने बताया कि एक वार्ड में मिली बुजुर्ग महिला ने कथित तौर पर बताया कि पति की मृत्यु के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जब वह नगर निगम पहुंची तो उससे ढाई हजार रुपये की मांग की गई।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री का रोड शो पूरी तरह फ्लॉप रहा। उन्होंने कहा कि अलवर की जनता की जगह निगम कर्मचारी और पुलिस महकमें की फौज पूरी कहानी बयां कर रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी अलवर में रोड शो करने आए और जो हालत हुई है, सब लोग मजाक बना रहे हैं।

कालाडेरा में विशिष्ट व्याख्यान आयोजित

चौमूं / कालाडेरा । सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोज्य रानी लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण केन्द्र के तीसरे सप्ताह के कार्यक्रमों के तहत छात्राओं के लिए 'आई एम इंट्रेस्टिंग' विषय पर आत्म-जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम में डॉ. शिखा पाटनी ने छात्राओं को अपनी रुचियों, क्षमताओं, प्रतिभाओं और सकारात्मक गुणों को पहचानने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति अपने आप में खास है, जरूरत केवल अपनी खूबियों को पहचानने की है। गतिविधि के दौरान छात्राओं ने अपनी रुचियों, प्रतिभाओं, भावनाओं, शक्तियों और भविष्य के लक्ष्यों को साझा किया। इससे उनमें आत्म-जागरूकता, आत्मविश्वास और सकारात्मक आत्म-छवि विकसित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों की जानकारी भी दी गई। समानता का अधिकार, शिक्षा एवं रोजगार में समान अवसर, गरिमा एवं सम्मान, घरेलू हिंसा से संरक्षण, लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध कानूनी अधिकार तथा शिकायत एवं सहायता तंत्र के बारे में जागरूक किया गया।

मनोहरपुर में वृक्ष मित्र एवं सर्वजातीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

मनोहरपुर। पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट, कानडियावाला टीम सुमन मीणा , जमवारामगढ़, श्याम सेवा समिति एवं ग्रामवासियों चावंडिया, दीपपुरा एवं रामपुरा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पेड़ लगाओ-जीवन बचाओ अभियान 2026 के अंतर्गत वृक्ष मित्र एवं सर्वजातीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत चावंडिया, तहसील आंधी, जिला जयपुर में पानी की टंकी के पास स्थित श्याम सेवा समिति परिसर में आयोजित हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों ने भाग लिया। समारोह में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने वाले वृक्ष मित्र एवं पर्यावरण प्रेमी व्यक्तियों व संस्थाओं, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के खिलाड़ियों, वर्ष 2026 में आईआईटी, नीट एवं क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से राजकीय सेवा में चयनित युवाओं तथा कक्षा 10वीं, 12वीं एवं उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण केवल एक पौधा लगाने का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन और पर्यावरण सुरक्षित करने का संकल्प है। अतिथियों ने ग्रामीणों और युवाओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आव्हान किया। ट्रस्ट अध्यक्ष सुमन मीणा ने कहा कि पेड़ लगाना आज की सबसे बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि हम अपने बच्चों के लिए स्वच्छ हवा, सुरक्षित वातावरण और बेहतर भविष्य चाहते हैं तो प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाने और उसकी जिम्मेदारी लेने का संकल्प करना चाहिए।

■ पर्यावरण संरक्षण के साथ प्रतिभाओं का सम्मान, अतिथियों ने दिया हर व्यक्ति लगाए एक पेड़ का संदेश

नाम परिवर्तन

मैं मोहम्मद शाहिद पुत्र मोहम्मद याकूब, निवासी वार्ड नंबर 08, नूर बानो मस्जिद के पास, बिसाऊ (राजस्थान), भविष्य के सभी कार्यों के लिए अपना नाम बदलकर मो शाहिद पुत्र मो याकूब कर रहा हूँ।

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

सार्वजनिक सूचना

क्रमांकः F-JDA/Zone-A/2026/D-39

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 322702 दिनांक 03/08/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Layout Plan Approval जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं

क्र.सं.-1, **आवेदक का नाम**-Anil Johar S/o Gopal Das Johar, **मूल आवंटी /लीजधारक का नाम**-श्री गोपालदास पुत्र श्री जमनादास, **भूखण्ड संख्या**-Khasano no-102/433, 103, **भूखण्ड क्षेत्रफल**-0.306733 hectare, **गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना**-Private, **योजना का नाम**-ekl patta, **सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया**-Layout Plan Approval, **कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज**-मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Layout Plan Approval जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

उपायुक्त जविप्रा, जोन-A

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 707/2026

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री विजय गोयल, निवासी डी 687 मालवीय नगर, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास धर्मसेतु प्राच्य विद्या शोध संस्थान न्यास, डी 687 मालवीय नगर, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 28.7.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 1.10.26

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

खोया पाया

मेरे प्लॉट नं. 13/207 कावेरी पथ, मानसरोवर जयपुर का मूल आवंटन पत्र एवं अन्य दस्तावेज कावेरी पथ पर कहीं गिर गया है, मिलने पर सूचित करें। शकुन्तला शर्मा- 9680510110

मेरे मकान नम्बर- 318 MGDN नायला, जयपुर का अलाटमेंट लेटर+पॉजिशन लेटर+7 डे लेटर+हैडिंग ओवर लेटर+ डिक्लेरेशन लेटर+ऑल ओरिजनल रिसिप्ट्स कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें। शिवम शर्मा-9079449941

मेरे प्लॉट नं. C-102 स्कीम, शिक्षा सागर-सी ब्लॉक, टोंक रोड, जयपुर का विकास भवन निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड सामिति द्वारा जारी लाली देवी के नाम का ओरिजनल पट्टा एवं विक्रय पत्र जो गोपी राम बेरवा पुत्र श्री भागीरथ बेरवा निवासी बढ़ हाडा तहसील निवाई जिला टोंक के नाम से था, जिसके रसीद नंबर 2015025008707 दिनांक 14/10/2015 व दूसरी रसीद नंबर 201502025008707 ये थे, जो प्रताप नगर से सांगानेर सदर थाने के बीच दिनांक 13.04.2026 को गुम हो गया। मिलने पर सूचित करें: योगेश कुमार बैरवा 8209696427

प्रागपुरा के वार्डों में निर्दलीय व आरएलपी की एंट्री से बदले सियासी समीकरण

पावटा। नगर निकाय चुनाव को लेकर पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चुनाव को लेकर वार्डों में कांग्रेस, भाजपा पार्टी एवं आरएलपी निर्दलीय प्रत्याशियों में सियासी मुकाबला दिलचस्प होता नजर आ रहा है। वही आरएलपी व निर्दलीय प्रत्याशियों के चुनावी मैदान में उतरने से भाजपा-कांग्रेस के बीच संभावित सीधी टक्कर में तीसरे विकल्प की मौजूदगी ने राजनीतिक समीकरणों को नया मोड़ दे दिया है।

यदि आरएलपी व निर्दलीय प्रत्याशी स्थानीय मुद्दों, व्यक्तिगत संपर्क और युवा मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने में सफल रहते हैं, तो भाजपा-कांग्रेस के लिए चुनौती बढ़ सकती है। वहीं, इस मुकाबले में व्यक्तिगत छवि, वार्ड के स्थानीय मुद्दे और प्रत्याशी की जमीनी पकड़ निर्णायक भूमिका निभा सकती है। चुनावी प्रचार आगे बढ़ने के साथ यह स्पष्ट होगा कि मुकाबला किस दिशा में जाता है।

■ यदि आरएलपी व निर्दलीय प्रत्याशी स्थानीय मुद्दों, व्यक्तिगत संपर्क और युवा मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने में सफल रहते हैं, तो भाजपा-कांग्रेस के लिए चुनौती बढ़ सकती है

नम्बर मिलाइए 8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर से लेकर बिजली-पानी तक हर सुविधा हो पुख्ता'

अल्पा चौधरी ने चुनावी तैयारियों का जायजा लिया

खैरथल। आम नगर निकाय चुनाव-2026 को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। सोमवार को चुनाव पर्यवेक्षक अल्पा चौधरी ने पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खैरथल में बनाए गए मतदान केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान दलों के रवानगी स्थल पर पहुंचकर चुनावी तैयारियों और व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

पर्यवेक्षक अल्पा चौधरी ने बूथों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। उन्होंने प्रत्येक बूथ पर मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या की जानकारी ली और दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की उपलब्धता, बिजली, पेयजल सहित सभी आधारभूत सुविधाओं को